भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
लोक उद्यम विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2407

दिनांक 09 मार्च, 2021 को उत्तर देने के लिए

**घाटे में चल रहे सरकारी उपक्रमों (पीएसयू) का पुनरूद्धार**

2407. श्री उपेन्द्र सिंह रावत:

क्या **भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश सहित देश में विभिन्न सरकारी उपक्रमों (पीएसयू) का ब्यौरा क्या है और गत तीन वर्षों के दौरान पीएसयू-वार कितना नुकसान हुआ है;

(ख) सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश सहित देश में घाटे में चल रहे ऐसे पीएसयू के पुनरूद्धार हेतु क्या कदम उठाए गए है;

(ग) क्या सरकार द्वारा देश में और अधिक पीएसयू स्थापित किए गए है/किए जाने का प्रस्ताव है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**भारी उद्योग एवं लोक उद्यम राज्य मंत्री**
**(श्री अर्जुन राम मेघवाल)**

(क): उपलब्ध जानकारी के अनुसार, दिनांक 31.03.2020 तक 366 केंद्रीय सरकारी लोक उद्यम (सीपीएसईज़) हैं, जिनमें से 12 सीपीएसईज़ उत्तर प्रदेश में हैं। पिछले तीन वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश सहित सभी राज्यों में घाटे में चल रहे सीपीएसईज़ का ब्यौरा अनुलग्नक में है।

(ख) से (घ): सीपीएसईज़, संबंधित मंत्रालयों/विभागों के प्रशासनिक नियंत्रण में कार्य करते हैं। सीपीएसईज़ के पुनरुद्धार/पुनर्गठन/बंद करने से संबंधित सभी मामलों को संबंधित प्रशासनिक मंत्रालयों/विभागों द्वारा निपटाया जाता है। संबंधित प्रशासनिक मंत्रालय/विभाग भी पुनरुद्धार/पुनर्गठन की योजनाएं भी तैयार करते है और ऐसे सीपीएसईज़ के लिए मामला-दर-मामला आधार पर सक्षम प्राधिकारी का अनुमोदन प्राप्त करने के बाद योजनाओं को लागू करते हैं। इसके अलावा, लोक उद्यम विभाग (डीपीई) ने रूग्ण/प्रारंभिक रूग्ण और कमजोर सीपीएसईज़ के पुनरुद्धार और पुनर्गठन के लिए तंत्र को सुव्यवस्थित करने के लिए दिनांक 29.10.2015 को दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इन दिशा-निर्देशों के अनुसार, प्रशासनिक मंत्रालय/विभाग, सीपीएसईज़ की रूग्णता की निगरानी करने और कार्य-निष्पादन के आधार पर अपने नियंत्रण में कार्य कर रहे रूग्ण/प्रारंभिक रूग्ण/कमजोर सीपीएसईज़ की पहचान करने और समय पर इनके समाधान के उपाय करने के लिए उत्तरदायी हैं। नए सीपीएसईज़ स्थापित करने का कोई निर्णय भी विषय संबंधी मंत्रालयों/विभागों द्वारा आवश्यकताओं एवं वाणिज्यिक व्यवहार्यता और सरकार की लागू नीति को ध्यान में रखते हुए भी लिया जाता है।

दिनांक 09.03.2021 को उत्तर देने के लिए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2407 के भाग (क) में संदर्भित अनुलग्नक

| वर्ष 2019-20 के आधार पर पिछले 3 वर्षों से घाटे में चल रहे सीपीएसईज़ | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क्र. सं. | सीपीएसईज का नाम | राज्य | रूपए (करोड़ में) | | |
| | | | 2017-18 | 2018-19 | 2019-20 |
| 1 | एयर इंडिया इंजीनियरिंग सर्विसेज लिमिटेड | दिल्ली | 49566 | 18088 | 18088 |
| 2 | एयर इंडिया लिमिटेड | दिल्ली | 533774 | 847480 | 847480 |
| 3 | एलायंस एयर एविएशन लिमिटेड | दिल्ली | 27133 | 29240 | 20062 |
| 4 | भारत इम्यूनोलॉजिकल्स एंड बायोलॉजिकल्स कार्पोरेशन लिमिटेड | उत्तर प्रदेश | 426 | 579 | 1021 |
| 5 | भारत पेट्रो रिर्सोसेज लिमिटेड | महाराष्ट्र | 15926 | 4577 | 91503 |
| 6 | भारत पंप्स एंड कंप्रेसर लिमिटेड | उत्तर प्रदेश | 4392 | 3348 | 2699 |
| 7 | भारत संचार निगम लिमिटेड | दिल्ली | 799285 | 1490424 | 1549952 |
| 8 | भेल इलेक्ट्रिकल मशीन्स लिमिटेड | केरल | 602 | 546 | 546 |
| 9 | बीपीसीएल-केआईएएल फ्यूल फार्म प्राइवेट लिमिटेड | केरल | 14 | 120 | 197 |
| 10 | ब्रिटिश इंडिया कार्पोरेशन  लिमिटेड | उत्तर प्रदेश | 10620 | 10620 | 10620 |
| 11 | सेंट्रल कॉटेज इंडस्ट्री कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड | दिल्ली | 2174 | 539 | 539 |
| 12 | छत्तीसगढ़ ईस्ट रेलवे लिमिटेड | छत्तीसगढ़ | 16 | 14 | 2248 |
| 13 | फ्रेश एंड हेल्दी एंटरप्राइजेज लिमिटेड | दिल्ली | 1062 | 839 | 645 |
| 14 | हैंडीक्राफ्ट एंड हैंडलूम एक्सपोर्ट्स कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड | दिल्ली | 2361 | 400 | 400 |
| 15 | हिंदुस्तान न्यूजप्रिंट लिमिटेड | केरल | 10165 | 13186 | 13186 |
| 16 | एचएलएल बायोटेक लिमिटेड | केरल | 4217 | 4839 | 4818 |
| 17 | एचएमटी मशीन टूल्स लिमिटेड | कर्नाटक | 12925 | 6383 | 9872 |
| 18 | हुगली प्रिंटिंग कंपनी लिमिटेड | पश्चिम बंगाल | 354 | 308 | 116 |
| 19 | होटल कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड | महाराष्ट्र | 6032 | 6863 | 5555 |
| 20 | एचपीसीएल बायोफ्यूल्स लिमिटेड | बिहार | 7785 | 6755 | 8555 |
| 21 | आईडीपीएल (तमिलनाडु) लिमिटेड | तमिलनाडु | 239 | 239 | 239 |
| 22 | इंडियन वैक्सीन कार्पोरेशन लिमिटेड | दिल्ली | 153 | 48 | 45 |
| 23 | इरकॉन शिवपुरी गुना टोलवे लिमिटेड | दिल्ली | 6 | 3063 | 3083 |
| 24 | मद्रास फर्टिलाइजर्स लिमिटेड | तमिलनाडु | 4481 | 12982 | 13488 |
| 25 | महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड | दिल्ली | 297303 | 339020 | 369568 |
| 26 | नागालैंड पल्प एंड पेपर कंपनी लिमिटेड | नागालैंड | 1739 | 1739 | 1739 |
| 27 | नैनी एयरोस्पेस लिमिटेड | कर्नाटक | 1063 | 1295 | 908 |
| 28 | नेशनल टेक्सटाइल कार्पोरेशन लिमिटेड | दिल्ली | 30677 | 31465 | 31465 |
| 29 | एनबीसीसी इंजीनियरिंग एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड | दिल्ली | 209 | 153 | 125 |
| 30 | नॉर्थ ईस्टर्न रीजनल एग्री. मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड | असम | 662 | 698 | 698 |
| 31 | ओड़िशा मिनरल डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड | पश्चिम बंगाल | 25296 | 45163 | 7669 |
| 32 | पी ई सी लिमिटेड | दिल्ली | 5695 | 49965 | 49965 |
| 33 | पावर ग्रिड एनएम ट्रांसमिशन लिमिटेड | दिल्ली | 8314 | 6356 | 2948 |
| 34 | पंजाब लॉजिस्टिक इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड | चंडीगढ़ | 1213 | 1187 | 1187 |

| क्र. सं. | सीपीएसईज का नाम | राज्य | रूपए (करोड़ में) | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | **2017-18** | **2018-19** | **2019-20** |
| 35 | रांची अशोक बिहार होटल कार्पोरेशन लिमिटेड | झारखंड | 240 | 247 | 215 |
| 36 | सांभर साल्ट्स लिमिटेड | राजस्थान | 258 | 1083 | 259 |
| 37 | स्कूटर्स इंडिया लिमिटेड | उत्तर प्रदेश | 1862 | 463 | 1573 |
| 38 | एसटीसीएल लिमिटेड | कर्नाटक | 65688 | 193 | 47 |
| 39 | टीसीआईएल बीना टोल रोड लिमिटेड | दिल्ली | 511 | 522 | 2104 |
| 40 | टीसीआईएल लखनदौन टोल रोड लिमिटेड | दिल्ली | 159 | 6 | 756 |
| 41 | द बिसरा स्टोन लाइम कंपनी लिमिटेड | पश्चिम बंगाल | 1071 | 2802 | 1028 |
| 42 | उत्कल अशोक होटल कार्पोरेशन लिमिटेड | उड़ीसा | 82 | 81 | 81 |
| 43 | विशाखापट्टनम पोर्ट लॉजिस्टिक्स पार्क लिमिटेड | आंध्र प्रदेश | 102 | 557 | 1605 |